# डीपीएस के छात्रों ने किया साइंस सिटी का शैक्षणिक भ्रमण



आसनसोल। संवाददाता।

दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल की ओर से विगत दिवस कोलकाता स्थित साइंस सिटी के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसका लाभ सातवीं से बारहवीं तक के छात्रों ने उठाया। अध्यापकों के एक दल के नेतृत्व में विद्यार्थी प्रातः काल कोलकाता के लिए रवाना हुए। आसनसोल से कोलकाता तक की यात्रा को छात्रों ने प्राकृतिक दृश्यों, अन्ताक्षरी, गीत गायन व जलपान का आनंद लेते हुए पूर्ण किया। साइंस सिटी में भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बहुत सी ऐतिहासिक व वैज्ञानिक जानकारियों को हासिल किया। छात्रों ने स्पेस ओडीसी, समय यंत्र, 3-विमीय दृश्य प्रेक्षागृह, दर्पण का जादू और अंतरिक्ष विज्ञान, गतिविद्युत एवं कल्पित सत्य पर प्रदर्श (मॉडल) आदि देखे। साइंस सिटी के विज्ञान और प्रोद्योगिकी के स्फूर्तिप्रद और रोचक वातावरण में छात्र शैक्षिक लाभ के साथ साथ मनोरंजन एवं रोमांच की अनुभूति करते दिखे। डिजिटल पैनोरमा में धरित मानव विकासक्रम की महत्वपूर्ण घटनाओं को दर्शाती। 3 भाषाओं की एक गतिमान फिल्म में छात्रों ने आदिमानव से आधुनिक मानव तक की कहानी को एक बड़े बेलनाकार परदे पर देख ऐतिहासिक जानकारी हासिल की। अंतरिक्ष थिएटर में छात्रों ने एक बड़ी स्क्रीन पर अंटार्कटिका में जीवन की झलक पेश करती फिल्म का आनंद उठाया। यह फिल्म छात्रों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। अंटार्कटिका के कष्ट साध्य जीवन की संकल्पना मात्र से छात्र संवेदनात्मक भावों से अभिभूत हो उठे। विज्ञान एक नए क्षेत्र पर कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने अपनी पृथ्वी सहित अन्य ग्रहों व उपग्रहों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा उनके क्रमिक विकास की प्रक्रिया और गति को जाना छात्रों के लिए यह अपने आप में एक विशेष अनुभव रहा। इसके अलावा चौकोर पहियों वाली साइकिल से लेकर विभिन्न पार्क, बर्ड और मैथमैटिक्स गैलरी तथा मिरर इमेज आदि को देखकर छात्र खिल उठे। प्रधानाचार्य आर डी शर्मा ने इस एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण की सफलता पर छात्रों तथा अध्यापकों को शुभकामनाएं दी तथा कहा कि इस प्रकार के भ्रमण शिक्षण प्रक्रिया के अनिवार्य अंग है। क्योंकि इनसे छात्रों को जो सीखने के लिए मिलता है, वह आजीवन स्मृति का अंग रहता है।